**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 31.07.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एम्स देवघर के प्रथम दीक्षांत समारोह में हुईं शामिल, युवा डॉक्टरों से की समाज सेवा की अपील, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एम्स की स्थापना को बताया राज्य के स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़ा योगदान।**
2. **झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के सफल संचालन को लेकर हुई बैठक, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सत्र में सार्थक चर्चाओं की जताई उम्मीद।**
3. **राज्य सरकार की पहल से कुवैत में दिवंगत प्रवासी श्रमिक का पार्थिव शरीर आज लाया गया रांची, भारतीय दूतावास और जिला प्रशासन के सहयोग से परिजनों तक पहुंच की गई सुनिश्चित।**
4. **कोडरमा में तीन दिवसीय आकांक्षा हाट का शुभारंभ, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की पहल, उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जयनगर और मरकच्चो प्रखंड को दी गई एक–एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि।**
5. **मौसम विभाग ने कल राज्य के कई जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की जताई संभावना, उत्तर–पश्चिमी जिलों में भारी बारिश और दक्षिणी जिलों में वज्रपात और तेज़ हवा को लेकर जारी किया अलर्ट।**
6.

**और अब समाचार विस्तार से**

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे के क्रम में देवघर पहुंचीं, जहां वे एम्स देवघर के प्रथम दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। इस समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और देवघर एम्स के चेयरमैन प्रो. डॉ एनके अरोड़ा, कार्यकारी निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय भी उपस्थित थे। समारोह में 2019 बैच के 48 एमबीबीएस छात्र–छात्राओं को उपाधि और चार मेधावी विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एम्स देवघर द्वारा स्थापना के छह वर्षों के भीतर पांच आदिवासी गांवों को गोद लेकर वहां की जनता को बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास की सराहना की। उन्होंने एम्स देवघर को जनजातीय स्वास्थ्य के क्षेत्र में **सेंटर ऑफ कॉम्पिटेंस** के रूप में स्थापित होने पर भी बधाई दी।

समारोह में युवा डॉक्टरों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने अपील की कि वे अपनी कुशलता और परिश्रम का सदुपयोग स्वस्थ्य समाज के निर्माण में करें।

इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एम्स देवघर की स्थापना को झारखंड राज्य के स्वास्थ सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम बताया।

एम्स देवघर में आयोजित दीक्षांत समारोह के उपरांत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देवघर से रांची के लिए प्रस्थान किया, जहां एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनका स्वागत किया।

******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल धनबाद स्थित आईआईटी आईएसएम के 45वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। इस कार्यक्रम के तहत सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आज जिला प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों ने अंतिम पूर्वाभ्यास किया। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान भारतीय वायु सेवा का हेलीकॉप्टर बरवाअड्डा एयरपोर्ट पर उतरा और फिर काफिला आईआईटी आईएसएम के लिए रवाना हुआ। वृस्तित ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

कल से 7 अगस्त तक आयोजित होने वाले झारखंड विधानसभा के मॉनसून सत्र के सफल संचालन को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन समेत विधायक दल के नेता एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में सत्र को सुचारु रूप से संचालित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से बात करते हुए उम्मीद जताई कि इस मानसून सत्र में काफी सार्थक चर्चाएं होंगी।

******************

राज्य सरकार की पहल से कुवैत में कार्यरत झारखंड निवासी दिवंगत श्रमिक रामेश्वर महतो का पार्थिव शरीर आज रांची लाया गया। 15 जून को हृदय और श्वसन गति रुकने से उनकी मृत्यु हुई थी, जिसके बाद परिजनों के अनुरोध पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने कार्रवाई शुरू की। भारतीय दूतावास और संबंधित एजेंसियों के समन्वय से आज दोपहर श्रमिक का शव बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पहुंचा। जिला प्रशासन ने शव को मृतक के हजारीबाग स्थित गृह ग्राम तक पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की।

******************

कोडरमा के झुमरी तिलैया में तीन दिवसीय आकांक्षा हाट का उद्घाटन उपायुक्त ऋतुराज और अन्य अधिकारियों ने किया। इस हाट में स्थानीय उत्पादों के दो दर्जन से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें स्वरोजगार से जुड़े लोगों द्वारा बनाए गए सामानों की बिक्री हो रही है। उद्घाटन अवसर पर जयनगर और मरकच्चो प्रखंड के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया गया और इन प्रखंडों को भारत सरकार की ओर से एक–एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। उपायुक्त ने कहा कि यह आयोजन स्थानीय उत्पादन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

******************

आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी 35 वार्डों में स्थायी और वैकल्पिक छठ घाट निर्माण की मांग को लेकर आदित्यपुर–गम्हरिया विकास समिति ने पूर्व उपाध्यक्ष पुरंदर नारायण सिंह के नेतृत्व में प्रशासक रवि प्रकाश को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने छठ घाट की भीड़, नदी की दूरी और स्थानीय जरूरतों का हवाला देते हुए मॉडल डिजाइन और प्राक्कलन की प्रति भी सौंपी। नगर प्रशासक रवि प्रकाश ने छठ पूजा से पहले अधिकतम स्थानों पर छठ घाट निर्माण का आश्वासन देते हुए कार्यपालक अभियंता को प्राक्कलन बनाने का निर्देश दिया।

******************

मौसम विभाग ने कल राज्य के कुछ स्थानों पर गरज के साथ हल्की से मध्यम दर्जे वर्षा होने की संभावना जताई है। साथ ही उत्तर–पश्चिमी जिलों जैसे साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा, देवघर, जामताड़ा में भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला, सिमडेगा, लोहरदगा, गुमला और खूंटी में तेज़ हवा के साथ वज्रपात की संभावना जताई गई है।

***************